INFUSION NOTES

WHEN ONLY THE BEST WILL DO

# वरिष्ठ अध्यापक

## RAJASTHAN - 2ND GRADE

**PAPER – 1**

**BHAG – 2**

भूगोल (भारत + विश्व) + अर्थव्यवस्था + राजव्यवस्था

# प्रस्तावना

*प्रिय पाठकों, प्रस्तुत नोट्स* ***"राजस्थान 2nd Grade (वरिष्ठ अध्यापक) (संस्कृत शिक्षा विभाग)"*** *को एक विभिन्न अपने अपने विषयों में निपुण अध्यापकों एवं सहकर्मियों की टीम के द्वारा तैयार किया गया है / ये नोट्स पाठकों को* ***राजस्थान लोक सेवा आयोग (RPSC)*** *द्वारा आयोजित करायी जाने वाली परीक्षा* ***"राजस्थान 2nd Grade (वरिष्ठ अध्यापक) (संस्कृत शिक्षा विभाग)"*** *भर्ती परीक्षा में पूर्ण संभव मदद करेंगें।*

***अंततः सतर्क प्रयासों के बावजूद नोट्स में कुछ कमियों तथा त्रुटियों के रहने की संभावना हो सकती है / अतः आप सूचि पाठकों का सुझाव सादर आमंत्रित हैं।***


**प्रकाशकः**

***INFUSION NOTES***

*जयपुर, 302029 (RAJASTHAN)*

*मो : 9887809083*

*ईमेल : contact@infusionnotes.com*

*वेबसाइट : https://www.infusionnotes.com*



**WhatsApp करें - https://wa.link/tiy32p**

**Online Order करें - https://shorturl.at/coE19**


**मूल्य : ₹**

**संस्करण : नवीनतम**

| क्र. सं. | अध्याय | पृष्ठ सं. |
|---|---|---|
| | **विश्व भूगोल** | |
| 1. | महाद्वीप, महासागर और उनकी विशेषताएं | 1 |
| 2. | वैश्विक पवन | 13 |
| 3. | पर्यावरणीय मुद्दे और रणनीतियाँ | 16 |
| 4. | वैश्वीकरण और इसके प्रभाव | 32 |
| 5. | जनसंख्या वितरण और प्रवास | 34 |
| | **भारत का सामान्य ज्ञान** | |
| 1. | स्थिति एवं विस्तार | 38 |
| 2. | मानसून प्रणाली | 47 |
| 3. | जल निकासी (अपवाह तंत्र) | 50 |
| 4. | वनस्पति | 57 |
| 5. | खनिज और ऊर्जा संसाधन | 61 |
| | **भारतीय अर्थव्यवस्था** | |
| 1. | भारत में कृषि, उद्योग और सेवा क्षेत्र में वृद्धि और विकास | 71 |
| 2. | राष्ट्रीय आय और उत्पाद | 95 |
| 3. | भारत का विदेशी व्यापार : रुझान, संरचना और दिशा | 100 |
| | **भारतीय संविधान** | |
| 1. | भारत सरकार के 1919 और 1935 के अधिनियमों के विशेष संदर्भ में भारत का संवैधानिक इतिहास | 101 |
| 2. | अम्बेडकर की भूमिका, संविधान निर्माण | 103 |
| 3. | भारतीय संविधान की मुख्य विशेषताएं | 107 |
| 4. | मौलिक अधिकार | 110 |
| 5. | राज्य नीति के निदेशक सिद्धांत | 113 |
| 6. | मौलिक कर्तव्य / मूल मौलिक | 115 |
| 7. | भारतीय राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के कार्यलय | 119 |
| 8. | भारत का संघीय सिस्टम | 139 |

| | | |
|---|---|---|
| 9. | राजनीतिक दल और दबाव समूह | 144 |
| 10. | भारत की विदेशी नीति के सिद्धांत और इसके निर्माण में नेहरू का योगदान | 149 |
| 11. | भारत और संयुक्त राष्ट्र संघ | 166 |

# विश्व भूगोल

## अध्याय – 1

## महाद्वीप, महासागर और उनकी विशेषताएं

### महाद्वीप (Continent)

- समुद्र तल से ऊपर उठे हुए पृथ्वी के विशाल भू-खंड को महाद्वीप कहते हैं।
- पृथ्वी पर मुख्यतः सात विशाल भू-खंड है अथवा महाद्वीप है - एशिया, अफ्रीका, उत्तरी अमेरिका, दक्षिण अमेरिका, अंटार्कटिका, यूरोप, ऑस्ट्रेलिया।
- पृथ्वी पर एशिया सबसे बड़ा महाद्वीप है। यह उत्तरी गोलार्द्ध में स्थित है।
- एशिया और यूरोप यूराल पर्वत और यूराल नदी के द्वारा एक- दूसरे से अलग होते हैं।
- अफ्रीका विश्व का दूसरा सबसे बड़ा महाद्वीप है।
- अफ्रीका को एशिया से स्वेज नहर अलग करती है।
- अफ्रीका महाद्वीप के बीच में से विषुवत् रेखा (equatorial) गुजरता है इसलिए अफ्रीका का आधा भाग उत्तरी गोलार्द्ध में तथा आधा भाग दक्षिणी गोला गोलार्द्ध में है।
- उत्तरी और दक्षिणी अमेरिका महाद्वीप पनामा देश की पूर्वी सीमा पर मिलते हैं।
- संपूर्ण उत्तरी अमेरिका महाद्वीप उत्तरी गोलार्द्ध में है, जबकि दक्षिणी अमेरिका का अधिकांश भाग दक्षिणी गोलार्द्ध में है।
- ऑस्ट्रेलिया महाद्वीप दक्षिणी गोलार्द्ध में है।
- ऑस्ट्रेलिया को द्वीपीय महाद्वीप भी कहते हैं।
- अंटार्कटिका का क्षेत्रफल यूरोप और ऑस्ट्रेलिया के सम्मिलित क्षेत्रफल से अधिक है।
- अंटार्कटिका महाद्वीप के लगभग केंद्र में दक्षिणी ध्रुव स्थित है।
- अंटार्कटिका महाद्वीप की एकमात्र ऐसा महाद्वीप है, जहां मनुष्य स्थायी रूप से नहीं बसा है।
- उत्तरी गोलार्द्ध को स्थल गोलार्द्ध को भी कहते हैं।
- इस गोलार्द्ध में पृथ्वी के कुल स्थलीय भाग का 8.5 प्रतिशत भू-भाग विद्यमान है।

### एशिया (Asia) :-

- एशिया शब्द की उत्पत्ति हिब्रू भाषा के आसु से हुई है, जिसका शाब्दिक अर्थ उदित सूर्य से है। यह संसार का सबसे बड़ा महाद्वीप है वह विश्व के लगभग 30% क्षेत्रफल पर विस्तृत है। इससे होकर तीन प्रमुख अक्षांशीय वृत्त विषुवत, कर्क एवं आर्कटिक गुजरते हैं।
- एशिया के उत्तर में आर्कटिक महासागर, दक्षिण में हिंद महासागर और पूर्व में प्रशांत महासागर है। पश्चिम में यूराल पर्वत, कैस्पियन सागर, काला सागर व भूमध्य सागर एशिया और यूरोप की सीमा बनाती है।
- लाल सागर और स्वेज नहर एशिया को अफ्रीका से अलग करता है।
- बेरिंग जलसंधि एशिया को उत्तरी अमेरिका से अलग करती है।
- यहाँ विश्व की लगभग 60% जनसंख्या (सर्वाधिक जनसंख्या वाला महाद्वीप ) निवास करती है।
- एशिया महाद्वीप में अति प्राचीन युग के स्थल खंड अंगरालैंड (रूस एवं चीन) और गोंडवाना - लैंड (प्रायद्वीपीय भारत) स्थित है।
- एशिया महाद्वीप में तीन प्रमुख प्रायद्वीप हैं - अरब का प्रायद्वीप, दक्कन का प्रायद्वीप, इंडोचीन का प्रायद्वीप। अरब प्रायद्वीप विश्व का सबसे बड़ा प्रायद्वीप है।
- एशिया में विश्व का सबसे ऊंचा पर्वत शिखर हिमालय पर्वतमाला श्रेणी का माउंट एवरेस्ट (8,850 मीटर ) है, जो नेपाल में स्थित है, जहां इसे सागरमाथा के नाम से जानते हैं।
- विश्व का सर्वाधिक विस्तृत पठार तिब्बत का पठार है, जो मध्य एशिया में 200,000 वर्ग किमी. क्षेत्र में विस्तृत है।
- एशिया में विश्व का सबसे ऊंचा पठार 'पामीर' है जिसकी ऊंचाई 4,875 मीटर है। इसी कारण पामीर को विश्व की छत (Ruf of the World) कहते हैं।
- एशिया में विश्व की सर्वाधिक जनसंख्या वाला देश चीन है।
- एशिया में क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे बड़ा देश चीन तथा सबसे छोटा देश मालदीव है।
- एशिया में विश्व का सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व वाला देश सिंगापुर है।
- एशिया के स्थलरुद्ध (जिसकी सीमा समुद्र को नहीं छूती) देश है - कजाकिस्तान, अफगानिस्तान, मंगोलिया, नेपाल, भूटान, तुर्कमेनिस्तान, उज्बेकिस्तान, किर्गिस्तान, तजाकिस्तान एवं लाओस स्थल रुद्ध देशों में कजाकिस्तान सबसे बड़ा देश है, जबकि मंगोलिया दूसरा सबसे बड़ा स्थल रुद्ध देश है। लाओस दक्षिण पूर्व एशिया का एकमात्र स्थल रुद्ध देश है, यह पूर्व फ्रांसीसियों का उपनिवेश था।
- एशिया में सबसे लंबी नदी यांग्सी तथा अधिकतम गहराई मृत सागर (397 मीटर) की है।
- एशिया में फिलीपींस द्वीप समूह के पास विश्व का सबसे गहरा सागरीय गर्त प्रशांत महासागर में मेरियाना गर्त (11,022 मी.) गहरा है।
- विश्व की सबसे गहरी झील बैकाल झील (धरातल से 1,940 मीटर गहरा और समुद्र तल से 1,485 मीटर गहरा) एशिया में स्थित है।
- विश्व की सबसे बड़ी झील (आंतरिक सागर) कैस्पियन सागर (3,71,800 वर्ग किमी क्षेत्र में विस्तृत) एशिया महादेश में ही स्थित है।

**नोटः** रूस की एशियाई भाग को साइबेरिया कहते हैं। बैकाल झील एवं कैस्पियन सागर साइबेरिया में ही हैं।

- एशिया में विश्व की सबसे अधिक ऊंचाई पर स्थित खारे पानी की झील पैंगाग झील (4,267 मीटर ऊँचा ) लद्दाख वह तिब्बत में स्थित है।
- एशिया महाद्वीप में विश्व का सर्वाधिक वर्षा वाला क्षेत्र मासिनराम (11,405 मिमी. ) मेघालय, भारत में है। (इससे पहले चेरापूँजी सर्वाधिक वर्षा वाला स्थान था। )
- विश्व की सबसे ऊंची रेलवे लाइन का निर्माण चीन में किया गया है। चीन के छिगहाये प्रांत से शुरू होकर तिब्बत के ल्हासा तक फैली इस रेलवे लाइन की ऊंचाई 5,072 मीटर है।
- महावेली गंगा श्रीलंका की सबसे लंबी नदी है ।
- एशिया में विश्व का सबसे लंबा रेलवे प्लेटफार्म गोरखपुर (उत्तर प्रदेश) भारत में स्थित है। इसकी लंबाई 1.3 किमी है। इससे पूर्व खड़गपुर सबसे लंबा प्लेटफार्म था।
- चीन विश्व का सर्वाधिक मछली पकड़ने वाला देश है। (दूसरा स्थान- जापान )
- विश्व का सर्वाधिक समाचार पत्र पढ़ने वाला देश हांग कांग है।
- विश्व का सर्वाधिक डाकघर वाला देश भारत है।
- प्रशांत महासागर में गिरने वाली एशिया की प्रमुख नदियाँ हैं - हागहों (पीली नदी), आमूर, सिक्यांग और यांग्त्सीक्यांग ।
- आर्कटिक महासागर में गिरने वाली एशिया की प्रमुख नदियाँ हैं ( जिसका मुहाना शीत ऋतु में जम जाता है ) लीना, ओबे, येनेसी।
- भूमध्य सागर जलवायु के एशियाई देश- साइप्रस, जॉर्डन, टर्की (तुर्की), इजराइल, लेबनान।
- एशिया के सबसे घना बसा द्वीप जावा है।
- एशिया में सर्वाधिक जूट एवं गन्ना उत्पादक देश क्रमशः बांग्लादेश एवं भारत हैं।
- एशिया में सर्वाधिक जल विद्युत का विकास जापान में हुआ है।
- एशिया का सबसे बड़ा रेल मार्ग ट्रांस -साइबेरियन रेल मार्ग है यह लेनिनग्राड से ब्लाडीवोस्टक तक जाता है। इसकी लंबाई 9,438 किमी. है।
- एशिया की सबसे लंबी रेलवे सुरंग शिकन जापान (Sikan) में है, जो 53.85 किमी लंबी है। समुद्र तल से इसकी गहराई 240 मीटर है।
- एशिया का सबसे बड़ा रबर -उत्पादक व निर्यातक देश थाईलैंड, मलेशिया और इंडोनेशिया है।
- एशियाई देश चीन तंबाकू, गेहूँ, चावल आदि के उत्पादन में विश्व में प्रथम स्थान रखता है।
- एशियाई देश जापान शहतूत की पत्तियों पर पाले गए रेशम के कीड़ों से प्राप्त कच्चा रेशम पैदा करने में विश्व में प्रथम स्थान है।
- एशिया में विश्व का सर्वाधिक प्राकृतिक रबर उत्पादित करने वाला देश थाईलैंड है।
- एशिया का सबसे अधिक टिन -उत्पादक देश मलेशिया है। टिन के निर्यात में यह विश्व में प्रथम स्थान पर है। मलेशिया के इपोह (किन्ता - केलांग घाटी) टिन खनन का प्रमुख केंद्र है।
- एशिया में विश्व का सर्वाधिक जलयान बनाने वाला देश जापान है।
- आर्कटिक एवं प्रशांत महासागर को जोड़ने वाला जलडमरूमध्य बेरिंग जलडमरूमध्य (अलास्का व कमचातका प्रायद्वीप के बीच ) है।
- जापान का नागासाकी शहर क्यूशू द्वीप पर स्थित है जापानी लोगों को चाय अत्यधिक प्रिय पेय पदार्थ है और यह लोग चाय का एक विशेष उत्सव चा-नू-यू मनाते हैं।
- बेरिंग जलसंधि अंतर्राष्ट्रीय तिथि रेखा के समानान्तर स्थित है।
- विश्व में सिंचाई नहरों का सबसे बड़ा जाल पाकिस्तान में है।
- म्यांमार अपने सुंदर बौद्ध मंदिरों के लिए प्रसिद्ध है
- स्वर्णिम त्रिभुज के अंतर्गत लाओस थाईलैंड- आते हैं।

**<u>अफ्रीका (Africa) :-</u>**

- एशिया के बाद अफ्रीका विश्व का सबसे बड़ा दूसरा महाद्वीप है।
- अफ्रीका को एशिया से अलग करने वाली बड़ी नहर स्वेज नहर है।
- अफ्रीका महाद्वीप में विषुवत वृत्त (equator) बीच से गुजरता है, इसलिए इसका आधा भाग उत्तरी गोलार्द्ध में तथा आधा भाग दक्षिणी गोलार्द्ध में है।
- अफ्रीका महाद्वीप का कुल क्षेत्रफल 2,97,85000 वर्ग किमी है। इसमें 54 देश हैं।
- अफ्रीका महाद्वीप पृथ्वी के कुल क्षेत्रफल क्षेत्र का 20.4% है।
- अफ्रीका महाद्वीप को 1940 ई. से पूर्व अंध महाद्वीप (dark continent ) कहा गया।
- अफ्रीका महाद्वीप के मध्य से होकर विषुवत रेखा और सुदूर उत्तरी और दक्षिणी सीमा पर कर्क और मकर रेखाएँ गुजरती है अफ्रीका ही एकमात्र ऐसा महाद्वीप है जिसमें से कर्क और मकर रेखाएँ गुजरती है।
- अफ्रीका महाद्वीप का विस्तार 37° अक्षाश से 35° अक्षाश के मध्य एवं 18° पश्चिमी देशांतर 51° पूर्वी देशांतर के मध्य है।
- अफ्रीका महाद्वीप का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश नाइजीरिया है।
- अफ्रीका महाद्वीप में विश्व का सबसे बड़ा मरुस्थल सहारा है।
- अफ्रीका महाद्वीप में विश्व की सबसे लंबी नदी नील है,जिसका उद्गम स्थल विक्टोरिया झील है।
- अफ्रीका महाद्वीप में विश्व का सबसे गर्म स्थल अलअजीजियाह (लीबिया) स्थित है।

**2. निक्षेपमूलक द्वीप (Depsitinal Islands )**

(i) नदी निक्षेप से बने द्वीप

(ii) हिमानी निक्षेप से बने द्वीप

(iii) तरंग नीचे से बने द्वीप

**3. अपरदनमूलक द्वीप (Ersinal Islands )**

(i) हिमानी अपरदन से बने द्वीप

(ii) नदी अपरदन से बने द्वीप

(iii) सागरीय लहरों के अपरदन से बने द्वीप

4. ज्वालामुखी द्वीप (Volcanic Islands )

5. प्रवाल या कोरल द्वीप (Coral Islands )

**विश्व के प्रमुख द्वीप**

| **क्र.सं.** | **नाम** | **स्थिति** |
|---|---|---|
| 1. | ग्रीनलैंड | उत्तरी अटलांटिक (डेनिस) |
| 2. | न्यू गिनी | दक्षिण-पश्चिम प्रशांत महासागर (आडरियन, जावा इंडोनेशिया का पश्चिमी भाग: पापुआ न्यू गिनी का पूर्वी भाग ) |
| 3. | बोर्निओ | पश्चिमी मध्य प्रशांत महासागर इंडोनेशिया का दक्षिणी भाग, ब्रिटिश प्रोटेक्टरेट और मलेशिया का उत्तरी भाग ) |
| 4. | मेडागास्कर | हिंद महासागर (मलागासी गणतंत्र) |
| 5. | बेंफिन | उत्तरी अटलांटिक (कनाडा ) |
| 6. | सुमात्रा | उत्तरी हिंद महासागर (इंडोनेशिया) |
| 7. | होंसु | जापान सागर प्रशांत महासागर (जापान ) |
| 8. | ग्रेट ब्रि | उत्तरी -पश्चिमी यूरोप (इंग्लैंड, स्कॉटलैंड और वेल्स ) |
| 9. | विक्टोरिया | आर्कटिक महासागर(कनाडा) |
| 10. | ईल्समिटे | आर्कटिक महासागर (कनाडा) |
| 11. | सेलेबीज | पश्चिमी मध्य प्रशांत महासागर (इंडोनेशिया) |
| 12. | दक्षिणी द्वीप | दक्षिण प्रशांत महासागर (न्यूजीलैंड) |
| 13. | जावा | हिंद महासागर ( इंडोनेशिया) |
| 14. | उत्तरी द्वीप | दक्षिण प्रशांत महासागर (न्यूजीलैंड) |
| 15. | क्यूबा | कैरीबियन सागर (गणतंत्र ) |
| 16. | न्यूफाउंडलैंड | उत्तरी अटलांटिक ( कनाडा ) |
| 17. | लूजोन | पश्चिम मध्य प्रशांत महासागर (फिलीपींस) |
| 18. | आइसलैंड | उत्तरी अटलांटिक महासागर(गणतंत्र) |
| 19. | मिंडनाओ | पश्चिमी मध्य प्रशांत महासागर (फिलीपींस ) |
| 20. | आयरलैंड | उत्तरी अटलांटिक महासागर (दक्षिणी भाग गणतंत्र, उत्तरी भाग ग्रेट ब्रिटेन के अधीन ) |
| 21. | होक्काइडो जापान सागर | प्रशांत महासागर (जापान) |
| 22. | हिस्पानियोला | कैरीबियन सागर (डोमोनिकन गणतंत्र पूर्वी भाग हैती पश्चिमी भाग) |
| 23. | तस्मानिया | ऑस्ट्रेलिया के दक्षिण में (ऑस्ट्रेलिया) |
| 24. | श्रीलंका | हिंद महासागर (गणतंत्र) |
| 25. | सखालिन | जापान के उत्तर में (रूस) (कराफुटो) |
| 26. | बैंनक्स | आर्कटिक महासागर (कनाडा) |
| 27. | डिवोन | आर्कटिक महासागर (कनाडा) |
| 28. | तियरा डेल | दक्षिण अमेरिका का दक्षिणी छोर फ्यूगो ( पूर्वी भाग अर्जेंटीना, पश्चिमी भाग चिली ) |
| 29. | क्योसू जापान | सागर- प्रशांत महासागर जापान |

दूरी में 9000 किमी तथा न्यूयॉर्क से सिडनी की दूरी में लगभग 6500 किमी की बचत होती है।

- इस नहर के निर्माण से सबसे अधिक लाभ संयुक्त राज्य अमेरिका को हुआ है। इससे पश्चिमी व पूर्वोत्तर से ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैण्ड, दक्षिण अमेरिका व जापान के बंदरगाहों की दूरी कम हो गयी है।
- इस नहर द्वारा व्यापार में बहुत अधिक वृद्धि हुई है। इसके द्वारा अंध (अटलांटिक) महासागर एवं प्रशान्त महासागरों के तटीय देशों के बीच व्यापार बहुत बढ़ गया है।
- इस नहर की आर्थिक महत्व स्वेज नहर की अपेक्षा कम है। फिर भी दक्षिण अमेरिका की अर्थव्यवस्था में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है।
- इस नहर द्वारा कैलीफोर्निया से पेट्रोल, चिली से शोरा व ताँबा, चीन से चाय व रेशम, आस्ट्रेलिया व न्यूजीलैण्ड से मांस, मक्खन, पनीर व चमड़ा, पूर्वी अमेरिका से तैयार माल, कपड़ा, मशीनें, दवाइयाँ आदि महासागरीय देशों को भेजी जाती हैं।

**विश्व के आन्तरिक जलमार्गों के विकास**

- महाद्वीपीय या स्थलीय भागों में स्थित नदियाँ तथा झीलें विश्व में आन्तरिक जलमार्ग के प्रमुख साधन हैं। आन्तरिक जलमार्गों का विकास नहरों की नौगम्यता, चौड़ाई-गहराई, जल-प्रवाह की निरन्तरता व प्रयुक्त परिवहन तकनीक पर निर्भर करता है। आन्तरिक जलमार्गों के लिए ऐसी नदियाँ तथा झीलें उपयुक्त मानी जाती हैं, जिनमें –
- वर्ष पर्यन्त पर्याप्त जल रहता है।
- जल की पर्याप्त गहराई होती है।
- तली का ढाल धीमा होता है।
- नदियों का जल गाद मुक्त रहता है।
- यही कारण है कि विश्व के जिन भागों में पर्याप्त जल प्रवाह वाली बड़ी-बड़ी नदियाँ मिलती हैं, उनका उपयोग जल परिवहन हेतु किया जाता है।

## अध्याय – 2

## वैश्विक पवन प्रणाली

**विश्व की प्रमुख स्थानीय पवनें, प्रकृति एवं उनके स्थान :-**

**स्थानीय पवनें किसे कहते हैं?**

स्थानीय धरातलीय बनावट, तापमान एवं वायुदाब की विशिष्ट स्थिति के कारण स्वभावतः प्रचलित पवनों के विपरीत प्रवाहित होने वाली पवनें **"स्थानीय पवनों" या "स्थानीय हवाएँ" (lCoal winds)** के रूप में जानी जाती हैं। इनका प्रभाव अपेक्षाकृत छोटे क्षेत्रों पर पड़ता हैं। ये **क्षोभमण्डल (troposphere)** की सबसे नीचे की परतों तक सीमित रहती हैं।

**नोट :-** क्षोभमण्डल पृथ्वी के वायुमंडल का सबसे निचला हिस्सा होता है।

**व्यापारिक पवनें :-**

- दक्षिणी अक्षांश के क्षेत्रों अर्थात् उपोष्ण उच्च वायुदाब कटिबंधों (SubtrpiCoal high Pressure zone) से भूमध्य रेखीय निम्न वायुदाब कटिबंध (Equatrial low Pressure Zone ) की ओर दोनों गोलार्द्धों में वर्ष भर निरन्तर प्रवाहित होने वाले पवन को **व्यापारिक पवन (Trade winds)** कहा जाता है। ये पवन वर्ष भर एक ही दिशा में निरन्तर बहती हैं। सामान्यतः इस पवन को उत्तरी गोलार्द्ध में उत्तर से दक्षिण दिशा में तथा दक्षिण गोलार्द्ध में दक्षिण से उत्तरी दिशा में प्रवाहित होना चाहिए, किन्तु **फेरेल के नियम (Ferrel's law)** एवं **कोरोऑलिस बल** के कारण " ये हवाएं पृथ्वी की गति के कारण उत्तरी गोलार्द्ध में दाहिनी ओर तथा दक्षिणी गोलार्द्ध में बायीं ओर मुड़ जाती हैं।"

**व्यापरिक पवनों की विशेषताएं:**

- व्यापरिक पवनों को अंग्रेज़ी में **'ट्रेड विंड्स (Trade winds)'** कहते हैं। यहाँ 'ट्रेड' शब्द जर्मन भाषा से लिया गया है, जिसका तात्पर्य 'निर्दिष्ट पथ (Specified way)' या 'मार्ग' से है। इससे स्पष्ट है कि ये हवाएँ एक निर्दिष्ट पथ पर वर्ष भर एक ही दिशा में बहती रहती हैं।
- उत्तरी गोलार्द्ध में ये हवाएँ उत्तर-पूर्व से दक्षिण-पश्चिम की ओर बहती हैं। वहीं दक्षिणी गोलार्द्ध में इनकी दिशा दक्षिण-पूर्व से उत्तर-पश्चिम की ओर होती हैं।
- नियमित दिशा में निरंतर प्रवाह के कारण प्राचीन काल में व्यापारियों को पाल युक्त जलयानों के संचालन में इन हवाओं से काफ़ी मदद मिलती थी, जिस कारण इन्हें व्यापारिक पवन कहा जाने लगा था।
- भूमध्य रेखा के समीप दोनों व्यापारिक पवन आपस में मिलकर अत्यधिक तापमान के कारण ऊपर उठ जाती हैं तथा **घनघोर वर्षा** का कारण बन जाती हैं, क्योंकि वहाँ पहुँचते-पहुँचते ये जलवाष्प से पूर्णतः संतुष्ट हो जाती हैं।

- व्यापारिक पवनों का विश्व के मौसम पर भी व्यापक प्रभाव पड़ता है।

**चिनूक**

- पर्वतीय ढाल के सहारे चलने वाली गर्म व शुष्क हवा है जो संयुक्त राज्य अमेरिका मे चलती है। यह पवन रॉकी पर्वत की पूर्वी ढाल में कोलारेडो से उत्तर में कनाडा से कोलंबिया तक चलती है । इस हवा का औसत तापक्रम 40 डिग्री फा० होता है। इस हवा के आगमन से तापक्रम मे अचानक बढ़ने लगती है तथा कभी - कभी तो तापमान मिनटों में 34 डिग्री फा० तक बढ़ जाती है जिसके फलस्वरुप धरातल पर बर्फ अचानक पिघलने लगती है। यह पशु पालकों के लिये लाभदायक होती क्योंकि इससे बर्फ पिघल जाती हैं और घास उग जाती है। इस कारण इस पवन को हिमभक्षी भी कहते हैं।

**फॉन**

- यह आल्पस पर्वत के उत्तरी ढाल से नीचे उतरने वाली गर्म एवं शुष्क हवा हैं। इसका सर्वाधिक प्रभाव स्विटजरलैण्ड में होता हैं।

**सिरोको**

- यह सहारा मरुस्थल में भूमध्य सागर की ओर चलने वाली गर्म हवा हैं। सहारा मरुस्थल से इटली में प्रवाहित होने वाली सिरोको हवा बालू के कणों से युक्त होती हैं, तथा सागर से नमी धारण करने के बाद जब इटली में वर्षा करती हैं तो इन बालू के कणों के कारण वर्षा की बूंदे लाल हो जाती हैं। इस प्रकार की वर्षा को इटली में रक्त की वर्षा कहते हैं।

**सिमूम**

यह अरब के मरुस्थल में चलने वाली गर्म एवं शुष्क हवा हैं।

**हरमट्टन**

- हरमट्टन सहारा मरुस्थल से दक्षिण पश्चिम दिशा में चलनें वाली गर्म तथा शुष्क हवा हैं। हरमट्टन के आने से अफ्रीका का उष्ण पश्चिमी तट सुहावना हो जाता है। हरमट्टन द्वी भाषा के शब्द "हरमाटा" से लिया गया है। इसी प्रभाव के कारण गिनी तट पर इस हवा को डॉक्टर वायु के नाम से जाना जाता हैं क्योंकि यह वायु इस क्षेत्र के निवासियों को आर्द्र मौसम से राहत दिलाती हैं। इस प्रकार की पवन को उत्तरी अमेरिका में ब्लैक रोलर व फारस की खाड़ी के उत्तर-पूर्व में शामाल कहा जाता है। इस हवा से फसल को नुकसान का खतरा होता हैं।

**ब्रिकफिल्डर**

- यह आस्ट्रेलिया के विक्टोरिया राज्य में चलने वाली गर्म एंव शुष्क हवा हैं।

**साण्टा आना**

- साण्टा आना हवाएं मजबूत, बेहद शुष्क ढलान वाली हवाएं हैं जो अंतर्देशीय उत्पत्ति करती हैं । वे ग्रेट बेसिन में ठंडा, सूखे उच्च दबाव वाले वायु द्रव्यमान से निकलते हैं। सांता आना हवाओं को गर्म, सूखे मौसम के लिए जाना जाता हैं जो वे शरद ऋतु (अक्सर साल के सबसे गर्म) में लाते हैं, लेकिन वे वर्ष के अन्य समय में भी पैदा हो सकते हैं। यह कम आर्द्रता, गर्म, संपीड़ित-गर्म हवा द्रव्यमान के साथ संयुक्त, उच्च हवा की गति, गंभीर आग मौसम की स्थिति पैदा करते हैंयह "शैतान हवाओं" के रूप में भी जाना जाता है सांता आना क्षेत्रीय जंगल की आग को फैन करने के लिए कुख्यात है। साण्टा आना दक्षिणी कैलिफोर्निया में साण्टा आना पवन यह दक्षिणी कैलिफोर्निया राज्य (संयुक्त राज्य अमेरिका) में घाटी से चलने वाली गर्म तथा शुष्क पवन हैं ।

**नारवेस्ट**

- यह न्यूजीलैण्ड में उच्च पर्वतों से उतरने वाली गर्म, शुष्क तथा धूल भरी हवा हैं।

**शामल**

- यह मेसोपोटामिया (इराक) तथा फारस की खाड़ी में चलने वाली गर्म तथा शुष्क उत्तर-पूर्वी हवा हैं।

**मिस्ट्रल**

- यह रोन घाटी (फ्रांस) में सर्दी में चलने वाली ठंडी हवा हैं।

**बोरा**

- यूगोस्लाविया के एड्रियाटिक तट पर चलने वाली ठंडी हवा। एड्रियाटिक सागर के पूर्वी किनारों पर और इटली के उत्तरी भाग में सर्दी में उत्तर-पूर्व से चलने वाली ठंडी हवाओं को बोरा कहा जाता है स्थल से चलने के कारण यह है वशिष्ठ और ठंडी होती हैं।

**सिस्टन**

- यह पूर्वी ईरान के सिस्टन राज्य में ग्रीष्म काल में चलने वाली तीव्र उत्तरी हवा हैं, जिसकी गति कभी-कभी 110 कि० मी० प्रति घन्टा तक हो जाती हैं। इसे 120 दिन की पवन भी कहा जाता हैं।

**नेवाडोज**

- यह दक्षिणी अमेरिका के एण्डीज पर्वतीय हिम क्षेत्रों से इक्वेडोर की उच्च घाटियों में नियमित रूप से प्रवाहित होने वाली हवा हैं, जो एक एनाबेटिक हवा हैं। यह पर्वतीय वायु रात्रि-विकिरण बर्फ के सम्पर्क से ठंडी हो जाने के कारण ढालों से नीचे की ओर प्रवाहित होती हैं।

**फ्राइजेम**

- यह ब्राजील के उष्णटिबन्धीय कैम्पोज क्षेत्र में प्रति चक्रवात उत्पन्न हो जाने के कारण आने वाली तीव्र शीत-लहर हैं, जो मई या जून के महिनों में प्रवाहित होकर इस क्षेत्र के तापमान को 10 डिग्री सेण्टिग्रेड तक घटा देती हैं

**बर्गस**

- यह दक्षिणी अफ्रीका में जाड़ें में चलने वाली गर्म हवा हैं, जो आन्तरिक पठार से तटीय भाग की ओर चलती हैं।

**पोनेन्टी**

- यह भूमध्य सागरीय क्षेत्रों विशेषकर कोर्सिको तट तथा भूमध्य सागरीय फ्रांस में चलने वाली शुष्क तथा ठंडी धारा हैं।

## विश्व में सर्वाधिक जनसंख्या वाले 10 देश

| क्रम | देश | जनसंख्या (जुलाई 2015 तक) |
|---|---|---|
| 1. | चीन | 1,361,512,535 |
| 2. | भारत | 1,251,695,584 |
| 3. | संयुक्त राज्य अमेरिका | 321,362,789 |
| 4. | इण्डोनेशिया | 255,993,674 |
| 5. | ब्राजील | 204,259,812 |
| 6. | पाकिस्तान | 199,085,847 |
| 7. | नाइजीरिया | 181,562,056 |
| 8. | बांग्लादेश | 168,957,745 |
| 9. | रूस | 146,268,288 |
| 10. | जापान | 126,919,659 |

### न्यून जनघनत्व के क्षेत्र

- विरल जनसंख्या के प्रदेश पाँच प्रकार के हैं और विरल प्रदेश के अन्तर्गत ही विश्व के प्रतिकूल वातावरण के क्षेत्र हैं।

### उच्च अक्षांशीय क्षेत्र

- यह कड़ाके की सर्दी, पाला, हिमचादर और तुषार वातावरण का क्षेत्र है, जहाँ सूर्य की किरणें महीनों दृष्टिगत नहीं होती हैं। सूर्य की किरणें भी उतनी प्रभावशाली नहीं हैं कि वे जीवाणु क्रियाओं (Bacterial Activities) को कायम रख सकें। परिणाम यह है कि यह वीरान जनसंख्या का क्षेत्र है।
- उत्तरी कनाडा, उत्तर पूर्वी साइबेरिया, ग्रीनलैण्ड और कनाडा के अनेक उत्तरी द्वीप वीरान हैं। साइबेरिया के बेरिंग तट पर एस्किमो रहते हैं। साइबेरिया में यूकाघिर तथा कनाडा में भी एस्किमो रहते हैं।

### उच्च स्थलाकृति के क्षेत्र

- ऊँचे पर्वतीय या पठारी क्षेत्रों में तापीय संशोधन, कृषि योग्य भूमि का अभाव, " अधिवासीय भूमि का अभाव, पेयजल और जलावन की हिमस्खलन, वनीय जानवरों का भय है।
- स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव में मृत्यु दर अधिक है। इन्हीं कारणों से पर्वतीय और ऊँचे पठारी क्षेत्रों में विरल जनसंख्या पाई जाती है। तिब्बत के पठार पर जनसंख्या घनत्व औसतन 3 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी है। सभी पर्वतीय क्षेत्रों, हिमालय, मध्य एशिया के पर्वत, एटलस आदि में विरल जनसंख्या घनत्व पाया जाता है।

### अत्यधिक ताप के क्षेत्र

- उष्ण मरुस्थलीय क्षेत्र अत्यधिक ताप और विरल वर्षा का क्षेत्र है। सहारा का मुख्य मरुस्थल 30 लाख वर्ग किमी क्षेत्रफल में फैला है और उसमें 29 लाख लोग रहते हैं। अत्यधिक ताप, पेयजल की समस्या, कृषि भूमि का अभाव आदि कारणों से यह विरल जनसंख्या का क्षेत्र है।

### अत्यधिक वर्षा के क्षेत्र

- विषुवतीय क्षेत्र में अमेजन का मैदान, जायरे बेसिन और दक्षिण पूर्वी एशिया के अनेक द्वीपों में अत्यधिक वर्षा के कारण सघन वन का विकास हुआ है और यहाँ खतरनाक कीड़े-मकोड़े और जानवरों का निवास है।
- इन क्षेत्रों में बाढ़ का भी भय रहता है। यहाँ मृदा अपरदन (Soil Erosion) भी तेजी से होता है। इन्हीं कारणों से यहाँ विरल जनसंख्या पायी जाती है।

### अत्यधिक वन के क्षेत्र

- टैगा प्रदेश में वन सघन हैं, जो मानवीय अधिवास के लिए अनुकूल नहीं हैं। इसमें मुख्यतः साइबेरिया, उत्तरी स्कैण्डिनेविया, अलास्का और उत्तरी मध्यवर्ती कनाडा आते हैं। इन प्रदेशों के वन अत्यन्त कीमती हैं। यहाँ जाड़े की ऋतु अत्यन्त कड़ाके की होती है। करीब तीन महीने तक जाड़े में रात्रि का तापमान हिमांक से नीचे चला जाता है। मिट्टी भी फसल के लिए अनुकूल नहीं है, इन्हीं कारणों से यह प्रदेश वीरान रहा है और मानवीय अधिवास को आकर्षित नहीं कर सका है।

### सामान्य घनत्व का क्षेत्र

- इसके अन्तर्गत मुख्यतः भूमध्यसागरीय जलवायु क्षेत्र, सवाना प्रदेश, दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील का पूर्वी पहाड़ी क्षेत्र, मध्य अक्षांशीय घास के मैदान, लगभग सम्पूर्ण यूरोप तथा दक्षिण संयुक्त राज्य अमेरिका जैसे क्षेत्र आते हैं।

### विश्व की प्रमुख जनजातियाँ

| जनजाति | क्षेत्र |
|---|---|
| कुलामन | दक्षिण मिण्डनाओ ( फिलिपिन्स ) के मूल निवसी हैं । |
| कुर्द | ईरान, इराक, आर्मीनिया तथा अजरबैजान में बड़े पठारी क्षेत्रों में रहने वाली एक पशुपालन कृषक । |
| लाई | म्यांमार के चिन पहाड़ियों में रहने वाली जनजाति । |
| लैप्स | दक्षिण स्कैण्डिनेवियाई उत्तरी रूस के कोला प्रायद्वीप की जनजाति जो मत्स्य - संग्रहण, रेन्डियर पालन तथा शिकार से अपना जीवन - यापन करती है । |
| माओरी | न्यूज़ीलैण्ड के मूल निवासी |
| युमा | उत्तरी अमेरिका में दक्षिणी - पश्चिमी एरीज मेक्सिको एवं कैलिफोर्निया में रहने वाले इंडियन लोग । |
| युइत | सैबेरिया तथा अलास्का के सेंण्टलोरेन्स द्वीप के एस्कीमो लोग । |
| जुलू | दक्षिणी अफ्रीका में नेटाल प्रान्त के बाण्टूभाषी लोग । |
| जेमी | असम तथा म्यांमार के सीमांत क्षेत्र में रहने वाले लोग । |
| निग्रीटो | ओशिनिया और एशिया के पूर्वी द्वीप समूहों में ये पाए जाते है । यह छोटे कद के निग्रोयड कोग हैं । |

परिस्थितियों का निर्माण होता है जिसे कातिक मास की उष्मा अक्टूबर हीट कहां जाता है।

**2. दाब**

- इस ऋतु के शुरुआत मे निम्न दाब परिस्थितियों होती है तथा इस ऋतु के समाप्त होते भारत पर उच्च दाब परिस्थितियों निर्मित हो जाती है।

**3. पवन**

- दक्षिण पश्चिमी मानसून पवनें धीरे-धीरे भारत से विस्थापित होने लगती है तथा इन पवनों के स्थान पर उत्तरी पूर्वी पवनें भारत पर स्थापित होने लगती है।

**4. वर्षा**

- सामान्यतः इस ऋतु के दौरान भारत पर वर्षा होना समाप्त हो जाती है परन्तु भारत के पूर्वी तटवर्ती क्षेत्र पर उष्ण कटिबन्धीय चक्रवातों के कारण भारी वर्षा प्राप्त होती है। पूर्वी तट पर सर्वाधिक वर्षा इसी ऋतु के दौरान प्राप्त होती है। भारत में अधिकतम चक्रवात अक्टूबर व नवम्बर के बीच आते है।

## अध्याय – 3

## जल निकासी (अपवाह तंत्र)

### जल निकासी व्यवस्था प्रणाली

- अच्छी तरह से परिभाषित चैनलों के माध्यम से पानी के प्रवाह को जल निकासी के रूप में जाना जाता है और ऐसे चैनलों के नेटवर्क को जल निकासी प्रणाली के रूप में जाना जाता है।
- किसी क्षेत्र का जल निकासी पैटर्न भूवैज्ञानिक समय अवधि, प्रकृति और चट्टानों, स्थलाकृति, ढलान आदि की संरचना का परिणाम है।
- गंगा, ब्रह्मपुत्र, महानदी, कृष्णा, आदि से युक्त लगभग 77% जल निकासी क्षेत्र बंगाल की खाड़ी की ओर उन्मुख है।
- दूसरी ओर, 23% सिंधु, नर्मदा, तापी, माही, और पेरियार सिस्टम अरब सागर में अपने पानी का निर्वहन करते हैं।
- एक नदी नाली एक विशिष्ट क्षेत्र है, जिसे उस नदी के जलग्रहण क्षेत्र के रूप में जाना जाता है।
- एक नदी और उसकी सहायक नदियों द्वारा बहने वाले क्षेत्र को जल निकासी बेसिन के रूप में जाना जाता है।
- । जल निकासी बेसिन को दूसरे से अलग करने वाली सीमा रेखा को वाटरशेड क्षेत्र कहा जाता है।
- जल निकासी पैटर्न (Drainage Pattern)

  निम्नलिखित प्रमुख जल निकासी पैटर्न **जल निकासी व्यवस्था (Drainage System)** को दर्शाती है –
  - वृक्ष के समान
  - रेडियल
  - केंद्र की ओर जानेवाला
  - सलाखें
- एक जल निकासी पैटर्न जो बहुत सारे टहनियों के साथ पेड़ की शाखाओं की तरह दिखता है, **डेंड्रिटिक ड्रेनेज पैटर्न** (वृक्ष के समान) के रूप में जाना जाता है। जैसे कि, उत्तरी मैदान की नदियाँ।
- जब एक पहाड़ी से नदियाँ निकलती हैं और सभी दिशाओं में प्रवाहित होती हैं तो **रेडियल ड्रेनेज पैटर्न** बनता है। जैसे कि, अमरकंटक से निकलने वाली नदियाँ।
- **सेन्ट्रिपेटल ड्रेनेज पैटर्न** (केंद्र की ओर जानेवाला) तब बनता है जब नदियाँ अपने पानी को सभी दिशाओं से एक झील या एक अवसाद में छोड़ देती हैं। जैसे कि, मणिपुर में लोकतक झील।
- **ट्रेली जल निकासी पैटर्न** (सलाखें) तब बनता है जब मुख्य नदियों की प्राथमिक सहायक नदियाँ एक दूसरे के समानांतर बहती हैं और द्वितीयक सहायक नदियाँ उन्हें एक कोण पर जोड़ती हैं। जैसे कि, हिमालयी क्षेत्र के ऊपरी हिस्से में नदियाँ।

  **जल निकासी का वर्गीकरण**

  उत्पत्ति, प्रकृति और विशेषताओं के आधार पर भारतीय जल निकासी को इस प्रकार वर्गीकृत किया जाता है-

हिमालयन की जल निकासी और
प्रायद्वीपीय जल निकासी।

**नदियाँ**

- भारत नदियों का देश है । भारत के आर्थिक विकास में नदियों का महत्त्वपूर्ण स्थान है । नदियाँ यहाँ आदिकाल से ही मानव की जीविकोपार्जन का साधन रही है ।
- भारत में 4000 से भी अधिक छोटी बड़ी नदियाँ हैं, जिन्हें 23 वृहद् तथा 200 लघु नदी श्रेणियों में विभाजित किया जा सकता है ।
- किसी नदी के रेखीय स्वरूप को प्रवाह रेखा कहते हैं । कई प्रवाह रेखाओं के योग को प्रवाह संजला (Drainage Netwrk) कहते है ।
- निश्चित वाहिकाओं (Channels) के माध्यम से हो रहे जल प्रवाह को अपवाह (Drainage) तथा इन वाहिकाओं के जाल को अपवाह तंत्र (Drainage System) कहा जाता है ।

**भारतीय अपवाह तंत्र**

- अरब सागरीय अपवाह तंत्र
- बंगाल की खाड़ी का अपवाह तंत्र

- अपवाह तंत्र से तात्पर्य किसी क्षेत्र की जल प्रवाह प्रणाली से है अर्थात् किसी क्षेत्र के जल को कौन-सी नदियाँ बहाकर ले जाती है ।
- कुल अपवाह क्षेत्र का लगभग 77 प्रतिशत भाग, जिसमें गंगा, ब्रह्मपुत्र, कृष्णा आदि नदियाँ शामिल हैं । बंगाल की खाड़ी में जल विसर्जित करती हैं,
- जबकि 23% भाग जिसमें सिंधु, नर्मदा, तापी, माही व पेरियार नदियाँ शामिल हैं । अपना जल अरब सागर में गिराती हैं ।
- नदी अपना जल किसी विशेष दिशा में बहाकर समुद्र में मिलाती है, यह कई कारकों पर निर्भर करता है । जैसे भूतल का ढ़ाल, भौतिक संरचना, जल प्रवाह की माना एवं जल का वेग ।

**जल सम्भर क्षेत्र / Wateshad area**

जल संभर क्षेत्र के आकार के आधार पर भारतीय अपवाह श्रेणियों को तीन भागों में बाँटा गया है

1. प्रमुख नदी श्रेणी: जिनका अपवाह क्षेत्र 20000 वर्ग km से अधिक है । इसमें 14 नदियाँ श्रेणियाँ शामिल है । जैसे - गंगा, ब्रह्मपुत्र, कृष्णा, तापी, नर्मदा, माही, पेन्नार, साबरमती, बराक आदि ।
2. मध्यम नदी श्रेणी: जिनका अपवाह क्षेत्र 2000 से 20,000 वर्ग km के बीच है । इसमें 44 नदी श्रेणियाँ हैं, जैसे - कालिंदी, पेरियार, मेघना आदि ।
3. लघु नदी श्रेणी: जिनका अपवाह क्षेत्र 2000 वर्ग km से कम है । इसमें न्यून वर्षा के क्षेत्रों मे बहने वाली बहुत सी नदियाँ शामिल हैं ।

**अपवाह प्रवृत्ति**

1. **पूर्ववर्ती अथवा प्रत्यानुवर्ती अपवाह** - वे नदियाँ, जो हिमालय पर्वत के निर्माण के पूर्व प्रवाहित होती थी तथा हिमालय के निर्माण के पश्चात् महाखण्ड़ बनाकर अपने पूर्व मार्ग से प्रवाहित होती हैं ।जैसे गंगा, ब्रह्मपुत्र, सतलुज, सिंधु
2. **अनुवर्ती नदियाँ** - वे नदियाँ, जो समान्य ढाल की दिशा में बहती है। । प्रायद्वीपीय भारत की अधिकतर नदियाँ अनुवर्ती नदियाँ है ।
3. **परवर्ती नदियॉ** - चम्बल, सिंद्ध, बेतवा, सोन आदि नदियाँ गंगा और यमुना में जाकर समकोण पर मिलती हैं । गंगा अपवाह तंत्र के परवर्ती अपवाह का उदाहरण है ।
